हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 22 जनवरी 2026

06 भक्तों की रक्षा के लिए होता है भगवान का अवतार...



09 बिजासन धाम पर लगेगा मेला एक माह तक होगा...





## खबर संक्षेप

### स्कूलों में आयोजित होगा विशेष भोज

**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव के निर्देशानुसार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत जिले के शासकीय स्कूलों में विशेष भोज का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी गई है। ये अधिकारी आवंटित स्कूलों में पहुचेंगे और बच्चों के साथ विशेष भोज में शामिल होंगे।

### पेंशनधारियों को फर्जी कॉल से बचने की सलाह

**सीहोर।** साइबर अपराधियों द्वारा पेंशनधारियों को जीवन प्रमाण-पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में की जाने वाली फर्जी कॉल से बचाव की सलाह दी है। पेंशनधारक का पूरा डाटा, नियुक्ति दिनांक, पीपीओ नम्बर, आधार नम्बर, सेवानिवृत्ति तिथि जैसी सभी जानकारी उपलब्ध होने के कारण पेंशनधारकों को ऑनलाइन अपडेशन के संबंध में भरोसा दिया जाता है। वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा पेंशन निदेशालय का हवाला देकर पेंशनरों को पूरा डाटा बताकर जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट करने के लिए ओटीपी साझा करने की बात प्रकाश में आई है। पेंशनर द्वारा गलती से ओटीपी साझा करने पर अपराधी को बैंक खाते का डायरेक्ट एक्सेस कन्ट्रोल मिल जाता है और पेंशनर के खाते की राशि फर्जी खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है। उन्होंने कहा है कि पेंशनरों को जागरूक रह कर हमेशा सावधानी बरतने की जरूरत है। पेंशन निदेशालय द्वारा कभी भी किसी पेंशनर का जीवन प्रमाण-पत्र ऑनलाइन अपडेट करने के लिए कॉल नहीं किया जाता है और न ही ऑनलाइन जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट किया जाता है।

### 25 जनवरी को 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

**सीहोर।** 25 जनवरी 2026 को 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर एवं मतदान केन्द्र स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन के लिए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार को निर्देश दिए है कि 25 जनवरी को प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित के लिए समारोह आयोजित किया जाए। इस अवसर पर मतदाताओं द्वारा शपथ ली जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इस बार ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'' थीम पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा।

### प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे महिला-पुरुष आदिवासी, लगाए जय जौहार के नारे, 3 करोड़ की मांगी सहायता

# 'शिवानी' की मौत पर भड़का आदिवासियों का आक्रोश, कलेक्ट्रेट परिसर में किया धरना प्रदर्शन

बता दें मामला ग्राम सिंहपुर की 22 वर्षीय शिवानी बारेला का है। परिजनों के अनुसार 12 जनवरी को डॉ. रुकमणी गुलहारिया ने शिवानी का नसबंदी ऑपरेशन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





छोटा परिवार-सुखी परिवार का सपना लेकर अस्पताल पहुंची एक आदिवासी मां की सरकारी सिस्टम की लापरवाही ने जान ले ली। भैरुंदा सिविल अस्पताल में नसबंदी ऑपरेशन के दौरान हुई गंभीर चूक और उसके बाद बरती गई संवेदनहीनता के खिलाफ बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर 'जय जोहार' के नारों से गूंज उठा। भीम आर्मी और सर्व आदिवासी समाज ने कलेक्टर कार्यालय के बाहर उग्र प्रदर्शन कर इसे 'चिकित्सीय हत्या' करार दिया और दोषी डॉक्टर की गिरफ्तारी की मांग की।

बता दें मामला ग्राम सिंहपुर की 22 वर्षीय शिवानी बारेला का है। परिजनों के अनुसार 12 जनवरी को डॉ. रुकमणी गुलहारिया ने शिवानी का नसबंदी ऑपरेशन किया। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान असावधानी से आंत काट दी गई। ऑपरेशन के महज 7 घंटे बाद रात 10 बजे, जब मरीज को निगरानी की सबसे ज्यादा जरूरत थी, उसे यह कहकर घर भेज दिया गया कि बाकी मरीज चले गए, तुम भी जाओ।

### आधी रात को भटके परिजन

परिजनों के अनुसार शिवानी को आधी रात को ब्लीडिंग और असहनीय दर्द होने पर वह भटकते रहे।

शिवानी को भोपाल स्थित हमीदिया अस्पताल ले गए, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बताया कि कि गलत ऑपरेशन से पेट में संक्रमण फैल चुका है। तीन दिनों तक मौत से जंग लडऩे के बाद 15 जनवरी को शिवानी ने दम तोड़ दिया, जिससे उसके तीन मासूम बच्चे अनाथ हो गए।

### 2 लाख नहीं, 3 करोड़ चाहिए मुआवजा

बुधवार को प्रदर्शन के दौरान आदिवासी नेताओं ने स्पष्ट किया कि उन्हें सरकारी खैरात नहीं, न्याय चाहिए। शासन की ओर से प्रस्तावित 2 लाख रुपये की सहायता को समाज ने मृतका के बच्चों के भविष्य के साथ भद्दा मजाक बताया।

### कलेक्टर बोले- तीन दिन में आएगी रिपोर्ट

मीडिया से चर्चा करते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित की गई है, जिसे 3 दिन के भीतर रिपोर्ट देनी है। कलेक्टर ने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि लिहाल 2 लाख रुपये की तात्कालिक सहायता और रेडक्रॉस से मदद की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इधर आदिवासी समाज ने चेतावनी दी है कि यदि 3 दिन में उनकी मांगों पर ठोस कार्यवाही नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### समाज की प्रमुख मांगें

एफआईआर और बर्खास्तगीः डॉ. रुकमणी गुलहारिया पर गैर-जमानती धाराओं में केस दर्ज कर उन्हें तत्काल सेवा से बर्खास्त किया जाए।

मुआवजाः पीड़ित परिवार को 3 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और तीनों बच्चों की उच्च शिक्षा व स्वास्थ्य की लिखित जिम्मेदारी शासन ले।

सरकारी नौकरीः मृतका के आश्रितों को भविष्य में सरकारी नौकरी का आश्वासन दिया जाए।

अस्पताल में सुधारः भैरुंदा अस्पताल को केवल 'नाम' का नहीं, बल्कि सुविधाओं का केंद्र बनाया जाए और 24 घंटे आईसीयू की सुविधा शुरू हो।

## दिव्यांग कल्याण व विकास परिषद शाखा के सदस्यों ने संयुक्त कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### फर्जी दिव्यांग बनकर सरकारी नौकरी करने वालों पर करें कार्रवाई



**सीहोर।** दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद संपूर्ण शाखा सीहोर की प्रबंधक उमा चौरसिया, जिला अध्यक्ष सुखवेंद्र सिंह दांगी के नेतृत्व में संगठन के सदस्यों ने फर्जी दिव्यांग बनकर शासकीय नौकरी करने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर बालागुरु के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर जमील खान को सौंपा। संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी नरेश मेवाड़ा ने बताया कि संगठन के जिला अध्यक्ष सुखवेंद्र दांगी, प्रबंधक ने आरोप लगाया कि कई लोग फर्जी दिव्यांग बनकर शासकीय नौकरी कर रहे है और असल दिव्यांग बेरोजगार घूम रहे है। ऐसे लोगों की जांच हो। ऐसे ही फर्जी प्रमाण पत्र मामले में एक अफसर पर कार्रवाई भी हुई है। दांगी ने कहा कि डीडीआरसी सीहोर में यूडीआईडी कार्ड के लिए दिव्यांग परेशान होते है। उन्हें महीनों तक चक्कर लगाना पड़ता है। दिव्यांग बुधनी, आष्टा, जावर, अहमदपुर से यूडीआईडी कार्ड बनवाने आते है, लेकिन इसके लिए उन्हें कई बार चक्कर लगाना पड़ता है। हम मांग करते है कि तहसील स्तर पर भी यूडीआईडी कार्ड बनाने की सुविधा दी जाए ताकि दिव्यांगों को आने -जाने में होने वाली परेशानी से बचा जा सके और समय-सीमा में दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड बनाए जाएं। इसके साथ ही सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग सीहोर के भ्रष्ट अफसरों की जांच भी की जाए। सुखवेंद्र दांगी का आरोप है कि भ्रष्ट अफसरों द्वारा एनजीओ की मदद की जा रही है, लेकिन असल दिव्यांगों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। इसकी जांच की जाए। दिव्यांगों की पेंशन बढ़ाई जाए।

## न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस : 25 जनवरी तक हल्की बारिश की संभावना



**सीहोर।** जिले में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले सोमवार को यह 7.5 डिग्री और रविवार को 8.5 डिग्री सेल्सियस था। बीते 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की गिरावट आई है। वहीं, अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, आसमान पर हल्के बादल छाना शुरू हो गए हैं, जो आगामी दिनों में मावठे की बारिश का स्पष्ट संकेत दे रहे हैं। हवाओं की दिशा भी पूर्व से हो गई है, और बादलों की सघनता लगातार बढ़ रही है।

शासकीय कृषि महाविद्यालय स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हो रही है, जिससे मावठे की बारिश की परिस्थितियां निर्मित हो रही हैं। मौसम विभाग ने 23 से 25 जनवरी के बीच हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

डॉ. तोमर ने यह भी बताया कि इस प्रकार के मौसम में जब आसमान पर बादल छाने लगते हैं, तो चने की फसल में इल्लियों का प्रकोप बढ़ने की संभावना रहती है। किसानों को इस स्थिति के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## इंदौर हादसे से लिया सबक, नपा ने शुरू किया 'शुद्ध जल अभियान', टंकियों पर लिखी जा रही सफाई की तारीख

### नगर पालिका अमले ने शहर की आधा दर्जन टंकियों में की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण हुई 25 लोगों की मौत की दर्दनाक घटना के बाद नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। शहरवासियों को जहरीले पानी के खतरे से बचाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने स्वच्छ जल अभियान के तहत शहर की सभी पानी की टंकियों की युद्ध स्तर पर सफाई शुरू करवा दी है।

इस अभियान की खास बात यह है कि अब टंकियों पर बाकायदा पेंट से सफाई की तारीख और अगली सफाई की संभावित तारीख भी लिखी जा रही है, ताकि व्यवस्था में पूरी पारदर्शिता बनी रहे। नगर पालिका ने सफाई व्यवस्था को केवल कागजों तक सीमित न रखकर उसे सार्वजनिक कर दिया है। टंकियों पर सफाई का पूरा विवरण दर्ज किया जा रहा है। उदाहरण के तौर पर मंडी टंकी (क्षमता 1000 केएल) इसकी सफाई 19 जनवरी 2026 को की गई है और अगली सफाई की तारीख 19 अप्रैल 2026 तय कर दी गई है। इसी तरह नेहरू कॉलोनी टंकी (क्षमता 450 केएल) इसकी सफाई 17 जनवरी को पूर्ण हुई और अगली तारीख 17 अप्रैल अंकित की गई है। सहायक इंजीनियर विजय कोली ने बताया कि हर तीन महीने में टंकियों की अनिवार्य रूप से सफाई की जाएगी।

### आधा दर्जन से अधिक टंकियों की हुई सफाई

अब तक नगर पालिका के अमले ने बाल विहार मैदान, अवधपुरी, ग्वालटोली, गल्ला मंडी और नेहरू कॉलोनी समेत शहर की आधा दर्जन से अधिक प्रमुख टंकियों की सफाई का काम पूरा कर लिया है। वाल्वमैन राजेश जांगड़े, उमेश लोधी और श्रीराम को टंकियों की नियमित निगरानी और गुणवत्ता बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



### नपाध्यक्ष की दो टूक, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कड़े लहजे में कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पाइपलाइन लीकेज और गंदे पानी की शिकायतों का तुरंत समाधान हो। हाल ही में हाउसिंग बोर्ड ब्रिज निर्माण के दौरान लीकेज होने पर नपा ने काम रुकवाकर पहले पाइपलाइन सुधारी थी। अब हर वार्ड में टीमें तैनात हैं जो सडक़ निर्माण या अन्य कामों के दौरान पानी की लाइन की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही हैं।

### जनता सीधे अध्यक्ष को दे सूचना

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शहरवासियों से अपील की है कि यदि कहीं भी दूषित पानी की समस्या आती है तो वे सीधे नगर पालिका कार्यालय या उनके व्यक्तिगत नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं। शिकायत मिलते ही तत्काल वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी।

### देवधर्मी की गादी परिसर में लगा रहा श्रद्धालुओं का मेला

# पंडाओं में अवतरित देवताओं ने हथेलियों पर जलाए अंगारे, तीन जिलों से उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आधुनिक युग में विज्ञान ने भले ही इंसान को चांद तक पहुंचा दिया हो, लेकिन आस्था और विश्वास की जड़ें आज भी गांवों की मिट्टी में उतनी ही गहरी हैं। सीहोर जिले के समीपस्थ ग्राम चंदेरी में इन दिनों कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है, जहां देवधर्मी की गादी पर श्रद्धालुओं का विशाल मेला लगा हुआ है। यहां देवताओं के चमत्कार देखने के लिए भोपाल, शाजापुर और सीहोर जिले से हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

ग्रामीणों एवं किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा का कहना है कि यहां पंडाओं के शरीर में देवी-देवताओं का अवतरण होता है और वे चमत्कारिक रूप से लोगों की समस्याओं का समाधान करते हैं। किसी ने अपनी हथेली पर जलते हुए अंगारे रखे तो किसी ने हाथ में ज्योति जलाकर नृत्य किया। यह दृश्य देखकर श्रद्धालु हैरत में पड़ गए और पूरे वातावरण में जय माता दी और हर-हर महादेव के जयकारे गूंज उठे।गांव के समाजसेवी एवं किसान एमएस मेवाड़ा ने सभी पंडाओं का पुष्पहार और शॉल पहनाकर स्वागत किया और देवताओं से आशीर्वाद लिया। उन्होंने बताया कि यह पहली बार है जब चंदेरी में इतनी बड़ी संख्या में तीन जिलों की जनता एक साथ उमड़ी है। देवताओं के इस दरबार में विभिन्न स्थानों के 30 से अधिक पंडा शामिल हुए, जिनके शरीर में देवता आने की बात कही जा रही है। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 3 बजे तक चलने वाले इस दरबार में लोग अपनी मन्नतें लेकर पहुंचते हैं। कोई बीमारी से मुक्ति चाहता है तो कोई पारिवारिक कलह से। कई श्रद्धालुओं ने दावा किया कि यहां आने के बाद उनकी समस्याओं का समाधान हुआ है।

स्थानीय निवासी गोपाल सिंह ने बताया कि उनका कुछ लोगों से लंबे समय से विवाद चल रहा था, लेकिन देवधर्मी की गादी पर आने और दर्शन करने के बाद आपसी सामंजस्य बन गया। उन्होंने इसे देवताओं की कृपा बताया।

चंदेरी में हो रहे इन चमत्कारों ने न केवल ग्रामीणों बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों को भी आस्था से जोड़ दिया है। जलते अंगारों, ज्योति और विविध चमत्कारों के बीच श्रद्धालुओं की भीड़ यह साबित कर रही है कि आज भी लोगों के जीवन में विश्वास और भक्ति की ताकत उतनी ही मजबूत है जितनी सदियों पहले थी।

## ऑक्सफोर्ड स्कूल के विद्यार्थियों का खेलो एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता में चयन



**सीहोर।** स्थानीय दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल के विद्यार्थियों का चयन संभाग स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025-26 प्रतियोगिता में हुआ है। उक्त प्रतियोगिता दिनांक 22 एवं 23 जनवरी 2026 को भोपाल में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, म.प्र. शासन द्वारा आयोजित की जाएंगी। विद्यालय के छात्र कृष्णा बाथम क्रिकेट में, कृष्णा दुबे वॉलीबाल में एवं हर्षित कुजुर, सौरभ राज, गौतम पाटीदार, अनन्त मारन, अनुज गौर, अरनव सिंह बॉस्केटबाल में सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## खबर संक्षेप



### मप्र राज्य कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन हुआ संपन्न

**सीहोर।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ जिला सीहोर के वार्षिक कैलेंडर, वर्ष 2026 का विमोचन सीहोर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदेश राय के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ सीहोर की जिला , विकास खंड एवं तहसील शाखा के निम्नांकित पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। गोपाल सिंह ठाकुर पूर्व अध्यक्ष भोपाल संभाग, अनिल शर्मा पूर्व विभाग प्रमुख भा म संघ, संतोष जैन संतू पूर्व जिला अध्यक्ष, कुंदन लाल राय जिला अध्यक्ष, देवेन्द्र कुमार आर्य जिला संगठन मंत्री, अंकुर शर्मा जिला उपाध्यक्ष, अरुण जोशी विकास खंड अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष लाड़ सिंह बकोदिया, विजय अतुल शर्मा, एम एस राणे,दौलत राम अहिरवार, विनय शर्मा, विवेक दुबे,योगेश त्यागी,केशरीमल राजपूत ,लक्ष्मण सिंह मेवाडा, अनुरूप सिंह ठाकुर, रंजीत रैकवाल, शिवांग ओझा,जतिन गाचले ,रामलखन शर्मा, मुकेश राठौर ,संजीव कनेरिया, रामपाल मीना आदि लोग उपस्थित रहे।

ग्राम लाडकुई में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ रहे हजारों श्रद्धालुगण

# भक्तों की रक्षा के लिए होता है भगवान का अवतार : पंडित मोहितराम पाठक

आज का सनातनी स्वयं को राम का भक्त तो कहता है, कृष्ण को अपना आराध्य मानता है, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि वह राम की मर्यादा को और कृष्ण की सीख को अपने जीवन में नहीं उतारता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

धर्म की स्थापना और भक्तों की रक्षा के लिए भगवान अनेक रूप में भारत की धारा धाम पर अवतार लेते हैं जब जब भी इस पृथ्वी पर पापा कर अत्याचार वह विचार बड़ा है तब तब भगवान ने अवतार लिया है आज भगवान वामन रूप में अवतरित हुए उक्त उद्गार मां नर्मदा की गोद में ग्राम लाडकुई भेरूंदा जिला सीहोर मैं चल रही सप्त दिवसीय श्री मद् भागवत कथा महोत्सव के तृतीय दिवस कथा व्यास परम गौभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक ने व्यक्त किए,भगवान ने रण धर्म की रक्षा और ब्राह्मणों की रक्षा के लिए छोड़ा था, न कि भय के कारण। यह उनका कायरता नहीं, बल्कि करुणा, धर्म और लोक-कल्याण से प्रेरित दिव्य निर्णय था। भगवान का प्रत्येक कदम धर्म की स्थापना और भक्तों की रक्षा के लिए होता है।

आज का सनातनी स्वयं को राम का भक्त तो कहता है, कृष्ण को अपना आराध्य मानता है, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि वह राम की मर्यादा को और कृष्ण की सीख को अपने जीवन में नहीं उतारता। भगवान राम को मानने का अर्थ उनके आदर्शों-सत्य, मर्यादा, त्याग और कर्तव्य-को अपने आचरण में अपनाना है। श्रीकृष्ण को मानने का अर्थ केवल उनके बताए कर्मयोग, धर्म के लिए संघर्ष, अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और सत्य के पक्ष में निर्भीक रहने की शिक्षा को जीवन में उतारना है। आज के समाज में लोगों के पास धन, साधन और सुविधाएँ तो बढ़ गई हैं, लेकिन दिलों के बीच की दूरी भी उतनी ही बढ़ गई है। एक ही घर में रहने वाले लोग एक-दूसरे से खुलकर बात नहीं करते, साथ बैठकर भोजन नहीं करते।सच्चा सुख पैसे से नहीं, बल्कि प्रेम, संवाद, सम्मान और पारिवारिक संस्कारों से आता है।



जब हमारे बच्चे गीता और रामायण का ज्ञान समझ लेंगे, तब वे कभी भी कुसंग का शिकार नहीं होंगे। गीता उन्हें कर्म, कर्तव्य, आत्मबल और सही-गलत का विवेक सिखाती है, जबकि रामायण उन्हें मर्यादा, त्याग, आज्ञापालन, सत्य और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देती है। इन ग्रंथों का ज्ञान से वे किसी भी गलत संगति, नशे, हिंसा या अधर्म की ओर आकर्षित नहीं होते। भगवान धरती पर सदैव धर्म की रक्षा के लिए ही अवतरित होते हैं। जब-जब इस पृथ्वी पर पाप, अधर्म, अन्याय और अत्याचार बढ़ने लगते हैं, तब-तब भगवान स्वयं अवतार लेकर आते हैं। उनका अवतरण किसी एक व्यक्ति या समाज के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि के कल्याण के लिए होता है। भगवान अधर्म का नाश करके धर्म की पुनः स्थापना करते हैं और मानवता को सही मार्ग दिखाते हैं।

हर सनातनी के माथे पर तिलक, गले में कंठी और मुख पर हर समय भगवान का नाम होना—यही एक सच्चे धार्मिक जीवन की पहचान है। तिलक हमें यह स्मरण कराता है कि हमारा मस्तक ईश्वर के चरणों में समर्पित है । कंठी यह संकेत देती है कि हमारा जीवन भगवान से बंधा हुआ है, हमारी सांसें भी प्रभु की कृपा से चल रही हैं । वहीं मुख पर भगवान का नाम होना यह दर्शाता है कि हमारी वाणी सत्य, प्रेम और करुणा से युक्त हो ,सच्चा सनातनी वही है जो पूजा के साथ-साथ प्रभु की वाणी और उनके आदर्शों को अपने विचार, व्यवहार और कर्मों में जीवित रखे। तभी समाज में धर्म की स्थापना होगी और जीवन सार्थक बनेगा।

आयोजन कार्ता श्री मूलचंद जी एवं समस्त जयसवाल परिवार एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम लाडकुई ने समस्त क्षेत्रवासी सनातनी जनों से कथा में पधार कर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया आज की कथा में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा।

## बरैया का बयान कांग्रेस की सोच और संस्कृति को दिखाता है



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के विवादित बयान के विरोध में मंगलवार को महिला मोर्चा ने उनका पुतला दहन किया। नगराध्यक्ष सीमा परिहार ने कहा कि बरैया का बयान कांग्रेस की सोच और संस्कृति को दिखाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं के मन में महिलाओं के प्रति सम्मान नहीं है।

पुतला दहन कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी अर्चना चौहान, जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष हर्षा राठौर, नगर मंडल महामंत्री पुष्पलता राठौड़, सोनू ठाकुर, ज्योति पांडे, सुशीला, आशा, राखी सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं। भांडेर से विधायक फूल सिंह बरैया ने एक कार्यक्रम में कहा था कि अगर खूबसूरत लड़की दिख जाए तो किसी का भी दिमाग भटक सकता है। रेप की घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा रेप आदिवासियों के साथ होते हैं। आदिवासियों और एससी वर्ग में कौन-सी अति सुंदर महिला है? रेप क्यों होता है, क्योंकि धर्मग्रंथों में लिखा है कि विशेष जातियों की महिलाओं से सहवास करने से तीर्थ का फल मिलता है।

### सब्जी, मसाला और पुष्प के बीज विक्रय बिना लाइसेंस के प्रतिबंधित

**सीहोर।** निजी बीज विक्रेता जिनके द्वारा सब्जी, मसाला, पुष्प एवं औषधीय फसलों के बीजों का व्यापार उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किये जाये। उक्त बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है।

## कॉलेज चलो अभियान के तहत छात्रों को मिली उच्च शिक्षा की जानकारी

**भैरुंदा।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार मंगलवार 21 जनवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालागांव में कालेज चलो अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा महाविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया से अवगत कराना रहा।




इस अवसर पर विद्यार्थियों को शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश पंजीयन, चयन प्रक्रिया एवं प्रवेश से जुड़ी आवश्यक जानकारियां विस्तार से दी गई। साथ ही महाविद्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं, शैक्षणिक गतिविधियों एवं उपलब्ध सुविधाओं पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों को खेलकूद गतिविधियां, एनसीसी, एनएसएस तथा पुस्तकालय जैसी सुविधाओं की जानकारी विशेष रूप से प्रदान की गई, जिससे वे भविष्य की पढ़ाई को लेकर सही निर्णय ले सकें। कार्यक्रम में कालेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. भारत सिंह रेकवाल, सदस्य डॉ. देवेन्द्र मालवीय, डॉ. दीपेश गौर एवं डॉ. राजेश काचोली उपस्थित रहे। विद्यालय प्राचार्य आर.डी. सोलंकी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के मार्गदर्शन कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने प्रवेश एवं पाठ्यक्रम से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया।

## संकल्प से समाधान अभियान के लिए जिले में लगाए जा रहे हैं शिविर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत नागरिकों की सुविधा के लिए जिले के सभी जनपदों एवं नगरीय निकायों में समग्र e-KYC, आयुष्मान कार्ड एवं संबल कार्ड से संबंधित कार्यों हेतु विशेष शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं।

जिले में विभिन्न स्थानों पर यह शिविर 21 जनवरी से प्रारंभ किए गए हैं। शिविरों के लिए जारी योजना अनुसार प्रति 10 पंचायत एवं चयनित वार्ड में प्रति दिवस शिविर आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा शिविरों में किए गए कार्य की निगरानी एवं समीक्षा सुचारु रूप से की जाएगी। शिविरों के लिए एडीईओ, पीसीओ, उप अभियंताओं को कैंप प्रभारी और सचिव, जीआरएस एवं वार्ड प्रभारियों को सहायक प्रभारी बनाया गया है।

**22 जनवरी को इन ग्रामों में लगेंगे शिविर :** शिविरों के लिए जारी कार्ययोजना अनुसार 22 जनवरी को आष्टा जनपद के ग्राम आमला मज्जू, आवलीखेड़ा, उदयपुर उमरदड़, कचनारिया, कजलास, कन्नोद मिर्जी, करमन खेड़ी, कल्याणपुरा और कांकरियाखेड़ी में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार इछावर जनपद के ग्राम कल्याणपुराधाकड, कांकरखेडा, कालापीपल, कुंडीखाल, कूडी, खजुरियाघेघी, खेरी, गउखेडी, गाजीखेडी, गादिया में शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार भैरूंदा जनपद के ग्राम कुरीनयापुरा, कोठरी पिपाल्या, कोसमी, आदि में शिविर लगेंगे।

## मध्य प्रदेश पाटीदार समाज संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

**सीहोर।** मध्य प्रदेश पाटीदार समाज संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थित में मंगलवार को जिला पाटीदार समाज के पदाधिकारी मनोज गुजराती के निवास पर प्रदेश संगठन के पदाधिरियों की विशेष उपस्थिति में सीहोर पाटीदार समाज बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मास्टर सा.मुकेश पाटीदार ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य सीहोर पाटीदार समाज को 25 जनवरी 2026 को प्रांतीय कार्यालय भवन हेतु वासूदेव परिसर चिंतमन बड़ा गणपति, उज्जैन में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा किये जाने वाले भूमि पूजन कार्यक्रम के लिये समाज जनों को आमंत्रित करना और कार्यक्रम के विषय में जानकारी देना का रहा। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शांतिलाल पाटीदार माण्डा निमच, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र नारायण पाटीदार, सरदास वल्लभ भाई पटेल युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जीवन पाटीदार उपस्थित रहे। बैठक में समाज जनों का आव्हान किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक बन्धु उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनायें। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित जनों में ओम प्रकाश गुजराती, रघुनन्दन निगोदिया, सुरेश पाटीदार, चतुर्भुज मल्हौत्रा, अखिलेश मल्हौत्रा, नरेश पाटीदार, संजय पाटीदार, राहुल पाटीदार, प्रमोद पाटीदार, मनोज पाटीदार, पंकज पाटीदार, ब्रजेश पाटीदार, वैभव पाटीदार, अभिषेक गुजराती सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।



### 996 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है।स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 20 जनवरी को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 721 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 275 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 118 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## 1 से 5 के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने पर दिया जोर

**इछावर।** जनपद शिक्षा केंद्र प्रांगण में जनवरी माह की विकासखंड स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक की अनुविभागीय अधिकारी राजस्व स्वाति मिश्रा द्वारा की गई । बैठक में जन शिक्षकों से शैक्षिक व प्रशासनिक गतिविधियों पर विस्तार चर्चा की गई। इस दौरान मध्यान भोजन, नामांकन, मेंटरिंग विजिट, उपस्थिती, शैक्षिक गुणवत्ता योजना व उसका क्रियान्वयन, एफएलएन मिशन अंकुर,मासिक आकलन, चाइल्ड ट्रैकिंग, सहित तमाम बिंदुओं पर मंथन हुआ। बैठक में एसडीएम ने निर्देश दिए कि सभी जनशिक्षक कक्षा 1 से 3 में पढने वाले बच्चों में निर्धारित दक्षताएं प्राप्त करना सुनिश्चित करें। बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने का प्रयास करें । बीएलओ का कार्य शिक्षण के पहले या बाद में करें।




बीआरसी सुभाष चन्द्र दुबे द्वारा निर्देश दिए गए कि सभी जनशिक्षक 100% मेंटरिंग कार्य पूर्ण करें । शिक्षक कक्षाओं का संचालन पाठ योजना अनुसार करें और अभ्यास पुस्तिकाओं का उपयोग तय मापदंड अनुसार करें। बैठक में बीईओ मानसिंह नेटी, बीएसी शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह सिसोदिया, अशोक मालवीय, घनश्याम वर्मा,अनिक कलमोदिया, मनोज राठौर व नरेंद्र सोलंकी तथा सभी जनशिक्षक उपस्थित रहे। मिशन अंकुर समन्वयक संजय शर्मा द्वारा निर्धारित निपुण लक्ष्यों, पाठ योजना के क्रियान्वयन, अभ्यास मॉड्यूल पर चर्चा की गई तथा मासिक आकलन फॉर्मेट को सत्यापित करने पर जानकारी दी। एनआरएलएम से एमएस पिपलोदिया ने मध्यान्ह भोजन संबंधी जानकारी दी । एसडीएम द्वारा विभाग के सभी अधिकारीयों को छोटे बच्चों को पढने-पढ़ाने के तरीको का अगल - अलग उदाहरणों के माध्यम जानकारी दी और सभी जनशिक्षकों को अपने केंद की शालाओं को उत्कृष्ट बनाने के निर्देश दिए ।

## सभी लोग मतभेदों को समाप्त करने का संकल्प लेकर राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखें: पंडित अजय पुरोहित

**सीहोर।** शहर में अनेक स्थानों पर सनातन धर्म को एकजुटता के लिए विराट हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। शहर के चाणक्यपुरी में स्थानीय गोधन सरकार मंदिर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ सम्मेलन में मुख्य रूप से जगतगुरु पंडित अजय पुरोहित के साथ भारतीय स्वयं संघ के प्रचारक भी उपस्थित रहे समाज में समरसता स्थापित करने के लिए और स्पर्श छुआछूत की भावना को पूर्ण तरह से समाप्त करने के लिए सभी भक्तों ने जोर दिया।



जगतगुरु पंडित अजय पुरोहित ने अपने उद्बोधन में कहाकि आज सभी लोग मतभेदों को समाप्त करने का संकल्प लेकर राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखें, जिसके मन में कभी हीनता का भाव प्रकट न हो उसी का नाम हिंदू है हमारे शास्त्रों में हमारे देश का नाम हिंदुस्थान बताया गया है लेकिन काल कालांतर में एक षड्यंत्र के माध्यम से इसको हिंदुस्तान कर दिया गया देसी और विदेशी षडयंत्रों के माध्यम से हमारे धर्म को बांटने की साजिश चल रही है हमारे बीच में समरसता का भाव ही हम सनातनियों को एकजुट करेगा और एक जुट ही हमारी ताकत बनेगी। उन्होंने कहाकि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू सनातन धर्म की एकता और संगठन को मजबूत करना, समाज में आपसी सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने जागरूक, संस्कारवान और संगठित समाज बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए अतिथियों ने कहा कि वर्तमान का जो समय है, वह किसी से छिपा नहीं है। सम्मेलन के दौरान राजेन्द्र श्रीवास्तव, राजेश बैरागी, राहुल विजयवर्गीय, विष्णु यादव, अमित राठौर आदि शामिल थे। सम्मेलन के दौरान अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया।

शहीद हेमू को 19 वर्ष की आयु में फांसी की सजा सुनाई गई

# भारतीय सिंधू सभा ने अमर शहीद हेमू कालानी के बलिदान दिवस पर किया पौधरोपण आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

भारतीय सिंधु सभा रेहटी के द्वारा हेमू कॉलानी बलिदान दिवस मनाया गया भारत को विदेशी शासन से मुक्त करने के लिए वीर सपूतों ने अपना बलिदान दिया उसमें क्रांतिकारी अमर शहिद हेमू कॉलोनी भी थे । जो मात्र 19 वर्ष की उम्र में शहीद हो गए थे हेमू कॉलानी सिंध के सक्खर (अब पाकिस्तान में ) जन्मे थे स्कूल जाने के साथ ही में क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय हो गए थे गोपनीय सूत्रों से क्रांतिकारियों को जानकारी मिली थी कि बलूचिस्तान में चल रहे उग्र आंदोलन को कुचलने के लिए 23 अक्टूबर 1942 की रात अंग्रेज सैनीक हथियारों और बारूद से भारी रेलगाड़ी सिंध के रोहिणी स्टेशन से रवाना होकर सक्खर शहर से गुजरती हुई बलूचिस्तान की क्वेटा नगर जाएगी यह समाचार सुनकर 19 वर्षीय छात्र हेमू कॉलोनी




में रेलगाड़ी को गिराने का दायित्व अपने ऊपर लिया और इस घटनाक्रम को करते समय पटरी को उखड़ते समय ब्रिटिश सरकार के सिपाहियों द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया एवं उन पर कौड़े बरसाए गए एवं 19 वर्ष की आयु में उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई 21 जनवरी 1943 को हेमू ने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को अपने गले में डाल दिया आजादी के बाद संसद परिसर में उनकी मूर्ति स्थापित की गई एवं हेमू कालाणी के चित्र का डाक टिकट निकाला गया उनके जीवन पर भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा के प्रदेश महामंत्री अश्विनी नानकानी ने प्रकाश डाला उसके बाद सलकनपुर मंदिर ट्रस्ट के सदस्य वरिष्ठ भाजपा नेता आदरणीय रामगोपाल टेलर उनके जीवन पर प्रकाश डाला मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद रेहटी अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल ने वीर शाहिद हेमू कालानी के बारे में बताया भारतीय सिंधु सभा शाखा के अध्यक्ष भगवानदास ज्ञानचंदानी,मुख्य शाखा के महामंत्री पुरुषोत्तम मांगतानी पार्षद,फतनदास ज्ञानचंदानी ,मुरली खुशलानी,पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप गुप्ता,राहुल साहू, युवा नेता आशीष चौहान, वरिष्ठ पार्षद प्रतिनिधी शिवनंदन ठाकुर, अचल पटेल, राजेश विश्वकर्मा, सोनू इसरानी, पूज्य संधि पंचायत के उपाध्यक्ष केवल राम सुभानी, नितेश आसवानी,अर्जुन, वरिष्ठ नागरिक एवं समाजजन कार्यक्रम में पुष्पांजलि एवं पौधरोपण में उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने रिटर्निंग ऑफिसर को सौंपा ज्ञापन

**बुधनी।** एसआईआर सूची से संबंधित फार्म क्रमांक 7 के संकलन में अनियमितता एवं राजनीतिक दबाव के आरोप लगाते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर रिटर्निंग ऑफिसर डीएस तोमर को शिकायत ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है।




ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनू राजपूत ने बताया कि फार्म 7 के संकलन के दौरान नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे गलत नाम जोड़ने की आशंका बनी हुई है उन्होंने मांग की कि पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक दिन में सीमित यानी 15 से अधिक फॉर्म ही स्वीकार किए जाएं तथा अंतिम दिनों में प्रत्येक बूथ पर जमा हुए फार्मों की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की जाए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल से जुड़े कुछ लोग बीएलओ पर नाम जोड़ने का दबाव बना रहे हैं, जो निर्वाचन नियमों के विपरीत है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि सभी बीएलओ जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के अनुसार बिना किसी दबाव के कार्य करें और यदि कोई अनियमितता करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक कांग्रेस से राजेंद्र यादव, संजय शर्मा, प्रमोद चौहान और हेमंत वर्मा उपस्थित रहे कांग्रेस नेताओं ने रिटर्निंग ऑफिसर से शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है।

### बसंत पंचमी को निकलेगी परिक्रमा यात्रा, सांसद ने ली तैयारियों को लेकर बैठक

# बिजासन धाम पर लगेगा मेला एक माह तक होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भैंसवा माताजी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माता बिजासन धाम भैंसवा माताजी में मेले का आयोजन होगा। बसंत पंचमी के पर्व से विशेष पूजा उपरांत प्रारंभ होने वाला यह मेला एक माह तक चलता है जिसमें देश के कोने कोने से आकर भक्त माता के दर्शन तो करते ही हे साथ में मेले का लुत्फ उठाते हैं।

यह आपको बता दें कि पिछले पैंतीस वर्षों से लगातार हर वर्ष आसपास की मातृशक्ति माताओं बहनों सहित सभी श्रद्धालु भक्त माता की पहाड़ी की परिक्रमा करते आ रहे हैं। इस परिक्रमा को सबसे पहले चैत्र अमावस्या को पंडित स्वर्गीय मनोहर प्रसाद शर्मा द्वारा शुरू किया गया था जो अब तक पंडित श्याम सुंदर पाठक के नेतृत्व में लगातार हर वर्ष की जा रही ओर बसंत पंचमी के साथ यह यात्रा चैत्र अमावस्या को भी आयोजित की जाएगी। माता बिजासन की विशाल पहाड़ी की यह



परिक्रमा लगभग दस किलोमीटर की है जिसमें पहाड़ी के मनोरम सौंदर्य के साथ गुरु गोरखनाथ अखाड़ा के दर्शन, गोशाला दर्शन, भैंसासुर महाराज दर्शन, हनुमान जी महाराज दर्शन के प्राप्त होते हैं। यात्रा भैंसवा माताजी हनुमान मंदिर से शुरू होती हैं ओर माता बिजासन के दर्शन पूजा उपरांत यात्रा का समापन होता हे ठीक उसी प्रकार बसंत पंचमी को भी पहाड़ी परिक्रमा की जाएगी । बताया जाता हे कि परिक्रमा में शामिल भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और भक्त मां से जो वर मांगते हे वह उनको प्राप्त होता हे ।

#### सांसद ने तैयारियों को लेकर की बैठक

सांसद रोडमल नागर रविवार को परिक्रमा यात्रा की तैयारियों को लेकर समिति सदस्यों के साथ बैठक में शामिल हुए और परिक्रमा यात्रा में शामिल भक्तों के लिए सभी सुविधाओं के प्रबंध की तैयारी करने के लिए समिति सदस्यों से चर्चा की यात्रा भोजन से लेकर जुलूस, पेयजल आदि के लिए समिति के अलग अलग सदस्यों को प्रभारी बनाया। पूर्व में परिक्रमा केवल पगडंडी रस्ते पर की जाती थी पर इस बार परिक्रमा यात्रा,,निर्माणाधीन परिक्रमा मार्ग से की जाएगी इस मार्ग का निर्माण पिछले एक वर्ष से प्रस्तावित था जो अब बनकर पूर्णता तैयार हो चुका है। वहीं ट्रस्ट समिति वा महायज्ञ समिति का इस मार्ग पर बावन शक्ति पीठों के निर्माण का संकल्प है।समिति सदस्यों ने बताया कि माता बिजासन के मंदिर निर्माण के तुरंत बाद मार्ग पर बावन शक्ति पीठ स्थापित करने का लक्ष्य तय कर लिया गया है। वहीं मंदिर निर्माण प्रगति की बात करे तो प्रथम चरण में मंदिर निर्माण के लिए बनाए विशाल स्ट्रक्चर प्लेंथ निर्माण के बाद अब द्वितीय चरण में बनाए जा रहे गर्भ गृह निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा हे दो महीने में गर्भ गृह छत निर्माण के बाद शिखर निर्माण का कार्य तीन माह में पूर्ण कर तीसरे चरण मंडप निर्माण कार्य शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।समिति सदस्यों द्वारा सभी धर्मप्रेमी भक्तों एवं माता बहनों से परिक्रमा यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

### कुलदेवी के प्राकट्य उत्सव में शामिल होने पहुंचेंगे खैराबाद

# मां फलोदी धाम को पैदल यात्रा पर ही निकले युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के मेडतवाल समाज के दो युवा साथी समाज की कुलदेवी मां फलोदी के प्राकट्य उत्सव में शामिल होने पैदल यात्रा पर निकले। मेडतवाल समाज कि कुलदेवी मां फलोदी का प्राकट्य उत्सव बसंत पंचमी 23 जनवरी को मनाया जाएगा जहां पर मेडतवाल समाज के महिला पुरुष युवा सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होकर मां के चरण स्पर्श कर आशिर्वाद प्राप्त करते हैं।

इस तारतम्य में नगर के मेडतवाल समाज के सदस्य भाजपा नगर अध्यक्ष देवकीनंदन जमींदार डिगा नेता के सुपुत्र सागर जमींदार एवं उनके साथी सिंगी नगर के सिदेश्वर महादेव मंदिर से पुजा अर्चना कर मां फलौदी धाम खैराबाद के लिए पैदल निकलें। जो बसन्त पंचमी के दिन मां से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे , उन्होंने बताया कि मां का बुलावा आया हम चले मेडतवाल समाज के सुख



समृद्धि और शांति सौहार्दपूर्ण वातावरण खुशहाली कि कामना करेंगे सभी सुखी रहें।

#### यात्री का स्वागत किया

पैदल यात्रा पर निकले यात्री का साफी फुल माला पहनाकर स्वागत समाजसेवी दिनेश जमींदार, राजेश गुप्ता नाना, सीएमओ हरीओम शर्मा, सब इंस्पेक्टर संतोष सिंह, दिनेश गुप्ता शिक्षक, नवनीत जुलानिया, मोहन मेवाड़े, महेंद्र शर्मा, डा. राघवेन्द्र वैध, द्वारका गुप्ता परोलिया, देवेन्द्र जमींदार ने स्वागत किया।

#### विधायक हजारीलाल दांगी ने भी किया स्वागत

माचलपुर नाका पर विधायक हजारीलाल दांगी, समाजसेवी, डॉ राम किरार, सरपंच बापुलाल दांगी, अशोक दुपाड़िया, भगवान खारपा, रामबाबू गरडा, रामप्रसाद बैरिस्टर, राहुल जमींदार, मनोज रेडीमेड, भावभीना स्वागत किया तथा नगर में जगह जगह स्वागत किया, जो यहां से माचलपुर होकर दूसरे दिन राजस्थान की सीमा में प्रवेश करेंगे तथा बसन्त पंचमी पर रामगंजमंडी के नजदीक मां फलोदी धाम खैराबाद पहुंचेंगे।

## राज्य स्तरीय पावर प्रतियोगिता के लिए जिले के खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा जिले के पावरलिफ्टिंग खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। यह चयन अर्नाल्ड हेल्थ क्लब पीतलमिल पर किया गया। ट्रायल में विदिशा शहर सहित जिले के समस्त विकासखंडों एवं तहसीलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

चयन समिति एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में 13 एवं 14 फरवरी को सीहोर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का चयन किया गया। एसोसिएशन के सचिव एवं वरिष्ठ पावरलिफ्टर सरोज तिवारी द्वारा चयनित खिलाड़ियों को प्रदेश स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे आगे राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन



कर सकें। इस अवसर पर सहसचिव राजेश जोशी, कोषाध्यक्ष प्रमोद प्रभाकर, प्रीतम सिंह दांगी, कपिल तिवारी, अमन लोधी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। चयनित खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास के निर्देश दिए गए।

## जांच में कुएं के पानी में मिली अशुद्धि, उपयोग पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

तहसील के ग्राम चांद बड़ली स्थित इकबाल खान के कुएं के पानी की जांच में बैक्टीरियोलॉजिकल अशुद्धि पाए जाने के बाद प्रशासन ने कुएं के पानी के उपयोग पर रोक लगा दी है। सोमवार को जांच के दौरान एसडीएम ने मामले में कार्यवाही की। जानकारी के अनुसार पीएचई विभाग की रिपोर्ट के अनुसार कुएँ का पानी पीने योग्य नहीं पाया गया। ऐसे में इस पानी के उपयोग से बीमारी फैलने की संभावना को देखते हुए एसडीएम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए है। आदेश में कहा गया है कि कुएं के पानी का किसी भी प्रकार से उपयोग नहीं किया जाएगा। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जन स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन द्वारा क्षेत्र के जलस्रोतों की जांच करवाई जा रही है।

# देवेन्द्र सेन बने युवा जिला अध्यक्ष भोपाल में सौंपा गया नियुक्ति पत्र

**राजगढ़।** भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्म शताब्दी के अवसर पर राष्ट्रीय सर्वसेन समाज संगठन (रजिस्टर्ड) द्वारा राजधानी भोपाल में सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय सर्वसेन समाज महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में निर्णय लेते हुए देवेन्द्र सेन को युवा जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरेलाल सेन, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. महेन्द्र सेन, प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष गोपाल सेन की सहमति से की गई।

भोपाल में आयोजित महासम्मेलन के दौरान मंच से देवेन्द्र सेन (खूजनेर) को विधिवत नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया नियुक्ति पत्र जारी करते हुए संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया कि देवेन्द्र सेन अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ करेंगे तथा युवाओं को संगठन से जोड़कर समाजहित में उल्लेखनीय कार्य करेंगे नव-नियुक्त युवा जिला अध्यक्ष



देवेन्द्र सेन ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज के हित, युवाओं के उत्थान और संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य करेंगे देवेन्द्र सेन की नियुक्ति से जिले के युवाओं में उत्साह का माहौल है। समाज के लोगों एवं संगठन के जिला अध्यक्ष गोपाल सेन बद्रीप्रसाद सेन मुकेश चैहान रवि सेन पत्रकार मनोज चैहान अनिल सेन भगवान सेन आदि समाजजनों ने बधाइयां देते हुए उनके उज्ज्वल और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

## युवक ने पेड़ पर फंदा डालकर की आत्महत्या

**जीरापुर।** नगर के थाना अन्तर्गत ग्राम जैतपुरा (सुलीपुरा) में अज्ञात कारणों के चलते एक ग्रामीण युवक ने गांव में पेड पर लटकर आत्महत्या कर फांसी लगा ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार बालचंद्र पिता शिवलाल सेन निवासी जैतपुरा सुलीपुरा ने थाने मे उपस्थित होकर सुचना दी व रोज नामचे में दर्ज करवाया कि मेरे सुपुत्र सीताराम पिता बालचंद सेन 22 वर्ष निवासी जैतपुरा (सुलीपुरा) सोमवार श्याम पाच बजे घर से ट्रैक्टर चलाने के लिए गया हुआ था परंतु वह राड़ी के जंगल मे खाखरे के पेड पर उसका शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस द्वारा पिता की सूचना पर मृतक सीताराम पिता बालचंद सेन 22 वर्ष ने अज्ञात कारण के चलते हुए फांसी लगाकर आत्महत्या की जिसे उसे रात्रि में सिविल अस्पताल लाया गया मंगलवार डाक्टर द्वारा म्रत घोषित किया गया एवं पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## कलश शोभा यात्रा के साथ शुरू हुई संगीतमय गो भागवत कथा



**सुठालिया।** कामधेनु गौ सेवा समिति एवं समस्त नगर वासियों के सहयोग से नगर सुठालिया में पहली बार संगीतमई गो भागवत कथा का आयोजन किया सोमवार दोपहर कलश शोभा यात्रा के साथ शुरू हुआ। कथा के पहले नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर परिसर से पूजा अर्चना कर बैंड बाजे आतिशबाजी के बीच कलश यात्रा शुरू हुए जो कथा स्थल शिव मंदिर पर पहुंची जहां विधिविधान के साथ स्थापन के बाद गो कथा शुरू हुई। कलश यात्रा ने में बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे। यहां कथा प्रवक्ता पंडित मनीष वशिष्ठ द्वारा प्रतिदिन संगीत मय हनुमान चालीसा सुन्दर काण्ड पाठ के साथ गो कथा की शुरू की गई। यह प्रतिदिन 12 से 4 बजे तक गो भागवत कथा पर आधारित प्रवचन दिए जाएंगे। आयोजन कर्ताओं ने नगर के समस्त धर्म प्रेमी सज्जनों से उक्त आयोजन में सम्मिलित होकर गो भागवत कथा श्रवण करने की अपील की है। कथा के दौरान 24 जनवरी को गौ सेवकों का सम्मान किया जाएगा। कथा का समापन 25 जनवरी को किया जाएगा।

### ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत ग्राम स्तरीय कार्यशाला संपन्न

# गांव की समृद्धि से ही पूर्ण होगा विकसित भारत का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

खाताखेड़ी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खाताखेड़ी व नवांकुर संस्था मनोजवं ग्रामोत्थान समिति छापीहेड़ा विकासखंड खिलचीपुर द्वारा मध्य प्रदेश शासन के ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत ग्राम स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रविन्द्र कॉन्वेंट हाई स्कूल खाताखेड़ी में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप संचालक पवन कुमार शर्मा विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार शर्मा नवांकुर संस्था प्रतिनिधि बालकृष्ण शर्मा तथा परामर्शदाता अजय पाटीदार शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मा सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात विद्यालय संचालक पवन कुमार शर्मा ने उपस्थित सभी को ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान एवं परिषद की योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा स्वदेशी की शपथ दिलाई। अतिथियों में विद्यालय प्राचार्य दिलीप कुमार शर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय समाज को ही नहीं बल्कि विश्व को नई दिशा दी है इसी कारण वह संपूर्ण भारतवर्ष के युवाओं के प्रेरणा स्रोत कहे जाते हैं।

# संस्कार एकेडमी पचोर जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में रहा अव्वल

**ब्यावरा।** जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में संस्कार एकेडमी, पचोर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जिलेभर से आई विभिन्न विद्यालयों की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें संस्कार अकादमी के खिलाड़ियों ने अपने दमदार खेल से सभी का ध्यान आकर्षित किया।

संस्कार अकादमी की टीम ने प्रारंभ से ही आक्रामक और रणनीतिक खेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की फुर्ती, मजबूत रक्षा पंक्ति और सटीक रेड ने विरोधी टीमों को कड़ी चुनौती दी। हर मैच में टीम ने आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ खेलते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद, कवंलप्रीत, रियांशी एवं खेल शिक्षक मानसी सिंह, हंसराज गुर्जर आदि ने



खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन और नियमित अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की आशा भी व्यक्त की।विद्यालय में इस उपलब्धि को लेकर हर्ष का माहौल है। छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## दिवंगत हुईं वरिष्ठ शिक्षिका की माता

**कुरावर।** नगर परिषद के सामने निवासी वरिष्ठ शिक्षिका संतोष शर्मा की माता श्रीमति दुर्गा देवी शर्मा का 84 वर्ष की आयु में कल देर रात निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार सुबह 11 बजे निज निवास से निकाली गई। स्थानीय श्मशान घाट पर उनके पुत्र अरूण शर्मा ने मुखाग्नि दी। नगर के वरिष्ठ जनों ने बड़ी संख्या में मुक्तिधाम पहुंचकर शर्मा की माता जी को श्रद्धांजलि दी।

### श्री सत्य साईं स्कूल की छात्राओं ने बढ़ाया मान

# खेलो एमपी यूथ गेम्स में सारंगपुर ब्लॉक प्रथम

**सारंगपुर।** खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025-26 के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में सारंगपुर ब्लॉक की बालिका टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में श्री सत्य साईं सीनियर सेकंडरी स्कूल सारंगपुर की तीन होनहार छात्राओं ने अहम भूमिका निभाई जिसमें शीतल सोलंकी, प्रियान्शी विश्वकर्मा, रितिमा पाटीदार तीनों छात्राओं ने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय देते हुए न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे सारंगपुर नगर का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का



सशक्त माध्यम हैं। विद्यालय की इस उपलब्धि पर डायरेक्टर विष्णु सिंह सिसोदिया, प्रधानाचार्य केदार गोवेकर, उप-प्रधानाचार्य किरण जोशी, जिला खो खो संघ सचिव भरत भैरवे, देव गिरजे एवं मोहित माथुर ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं नगरवासियों में इस सफलता को लेकर हर्ष और गर्व का वातावरण है।

### नैतिक शिक्षा का जीवन में महत्व पर हुई कार्यशाला

# दीदीयां बच्चों को दे रहीं चारित्रिक निर्माण की शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहिद कॉलोनी ब्यावरा की दीदीयों द्वारा ब्यावरा सिगमा कोचिंग क्लासेज के बच्चों को नैतिक शिक्षा का जीवन में महत्व विषय पर विशेष चारित्रिक निर्माण सत्र कराया। राजगढ़ से आईं ब्रह्माकुमारी सुमित्रा दीदी ने विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे जीवन में नैतिकता होना बहुत आवश्यक है। क्योंकि यह हमें अपने व्यक्तित्व को विकसित करने समाज में योगदान करने, और जीवन में सफलता प्राप्त करने में मदद करती है। शिक्षा का मूल्य उद्देश्य ही है संस्कारवान चरित्रवान एवं मूल्यवान बनना, विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना बहुत जरूरी है।

#### बच्चों की एकाग्रता बढ़ाने दिए टिप्स

ब्यावरा पब्लिक स्कूल में ब्रह्माकुमारी सुरेखा दीदी ने बच्चों को एकाग्रता की शक्ति को कैसे बढ़ाएं विषय पर सुनाते हुए कहा कि एकाग्रता अर्थात मन बुद्धि की स्थिरता किसी एक लक्ष्य को केंद्र मानकर अपने मन के संकल्प को एकाग्र करना, रोज सुबह उठते ही 10 मिनट ध्यान एवं सकारात्मक संकल्प करें और अपने लक्ष्य को देखें इससे याददाश्त शक्ति भी बढ़ती है और धीरे-धीरे सभी नैतिक गुण जैसे अनुशासन ईमानदारी सच्चाई आने लगते हैं स जिस



प्रकार टेबल के चार पैर में से एक पेर नहीं होता है, तो हम गिर सकते है वैसे ही हमारे विद्यार्थी जीवन में भी चारों पैर मजबूत होना बहुत जरूरी है। जैसे इंटेलिजेंस कोशेन्ट, इमोशनल कोशेन्ट, मोरल वैल्यूज, स्पिरिचुअल नॉलेज। इन सब गुणओ के आधार से ही हमारा वर्तमान और भविष्य जीवन उज्जवल बनता हैं और यह सारे वैल्यूज हमारे जीवन में आध्यात्मिक ज्ञान मेडिटेशन से ही संभव है। और सभी छात्र-छात्राओं को एक्टिविटी कराई एवं मेडिटेशन की प्रेक्टिस कराई स तथा अंत में ब्यावरा सेवाकेंद्र संचालीक बीके लक्ष्मी दीदी ब्रह्माकुमारी संस्था का परिचय देते हुए सभी बच्चों को संस्था द्वारा सिखाए जा रहे हैं। निशुल्क राजयोग मेडिटेशन कोर्स सीखने हेतु आमंत्रित किया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर एस एन भट्ट, स्कूल प्रिंसिपल मिस कुरेशी एवं सभी टिचर स्टाफ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आयुक्त ने समीक्षा कर समय-सीमा में निराकरण के दिए निर्देश

**देवास।** समयावधी पत्रों व कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयुक्त दलीप कुमार ने की। समीक्षा बैठक के दौरान निगम लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत किए जा रहे कम्पाउंडिंग के कार्यो मे प्रगति नही होने से आयुक्त नें अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उपयंत्रियों को कार्य मे प्रगति लाने हेतु कहा। साथ ही एबी रोड पर पार्किंग व्यवस्था सुधार के लिए व्यवसायिक मॉल, प्रतिष्ठानों में नीचे बेसमेंट मे पार्किंग नही है या बेसमेंट मे दुकानों का निर्माण किया गया है उनको सूचना पत्र दिये जाने के निर्देश दिए गए। आवारा मवेशियों एवं स्वानों को पकडने के कार्य को निरंतर जारी रखने के निर्देश भी दिए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना पर चर्चा कर विस्तृत जानकारी ली गई। हितग्राहियों को योजनान्तर्गत दिए जा रहे लोन अन्तर्गत लक्ष्य पूर्ति हेतु आवेदन करवाए ताकि लक्ष्य पूरा किया जा सके। अवैध से वैध नल कनेक्शनों की जानकारी लेते हुए कार्य मे प्रगति के लिये उपयंत्रियों को कहा। सिवरेज कनेक्शन अधिक से अधिक कराने एवं जिन रहवासियों के द्वारा सिवरेज कनेक्शन करवा लिए है ओर रजिस्ट्रेशन नही करवाया है उनका चयन कर रसिद बनवाए जाने तथा कचरा संग्रहण शुल्क की वसुली मे प्रगति लाने के निर्देश दिए। ईवी चार्जिंग पाईंट स्थान चयन पर चर्चा की। बैठक में मैरिज गार्डनों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी की मौका निरीक्षण के निर्देश दिए।

### निजी स्कूलों में नियमों की उड़ रही धज्जियां, बिना मापदंडों के हो रहा संचालन

# निजी स्कूलों के हालात: 8वीं तक लग रही कक्षाएं, स्कूल के बाहर बोर्ड लगा 12वीं तक

**पालकों से मोटी फीस वसूलने कागजों पर नियम पूरे कर संचालित हो रहे कई स्कूल। बिना खेल मैदान और सुविधाओं के किराए के भवन में संचालित हो रहे निजी स्कूल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

अहमदपुर संकुल केंद्र में अशासकीय स्कूल नियमों और सरकारी दिशा निर्देशों को ताक पर रखकर संचालन किए जा रहे हैं। कई अशासकीय विद्यालय ऐसे हैं जो निर्धारित मान्यता के मानकों को पूरा किए बिना ही संचालित हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद संबंधित विभाग अनजान है। जानकारी के अनुसार कई अशासकीय स्कूलों में बच्चों के लिए बुनियादी सुविधाओं का भारी अभाव है। अनेक स्कूलों में छात्रों के खेलने के लिए खेल मैदान तक उपलब्ध नहीं है, जो कि शिक्षा विभाग के नियमों के बिल्कुल विपरीत है। खेल और शारीरिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक मानी जाती हैं, लेकिन इन स्कूलों में बच्चों को केवल कक्षाओं तक सीमित रखा जा रहा है। इतना ही नहीं, कई निजी स्कूल तो ऐसे हैं जिनके पास खुद का निजी भवन भी नहीं है। किराए की बिल्डिंग में उन स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। कई स्कूलो में भवन, शौचालय, स्वच्छ पेयजल और बैठने की उचित व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाएं भी कई जगह अधूरी हैं। बावजूद इसके, इन अशासकीय विद्यालयों को न तो नोटिस जारी किए जा रहे हैं और न ही उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय अभिभावकों में इस स्थिति को लेकर आक्रोश है। उनका कहना है कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की बात तो करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। नियमों को दरकिनार कर स्कूलों को मान्यता देना और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बेहद चिंताजनक है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या शिक्षा विभाग इन अनियमितताओं पर सख्त कदम उठाएगा या फिर यूं ही अशासकीय स्कूलों में नियमों की धज्जियां उड़ती रहेंगी।




#### स्कूल का बोर्ड और भवन बता रहा निजी स्कूल की शिक्षा का स्तर

अहमदपुर क्षेत्र में संचालित ऋषि वेली कांवेंट हाई स्कूल कक्षा एक से 12 वीं तक संचालित हो रहा है। लेकिन स्कूल का भवन और बोर्ड ही स्कूल की गुणवत्ता खुद बया कर रहा है। किराए के भवन में दो छोटे-छोटे कमरे हैं। मैदान तो दूर की बात है। कमरों की दिवारों पर प्लास्टर तक नहीं है। स्कूल 12 तक है तो दो कमरों में इतने बच्चे केसे बैठकर पढ़ पाते होंगे। वहीं जब स्कूल के हालात जानने संचालक अजय उमठ से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि हमारा स्कूल कक्षा आठ तक संचालित है, जिसमें करीब 50 बच्चे दर्ज हैं।

#### स्कूलों से ही मांग रहे उन की खामियों की जानकारी, फिर कराएंगे अवगत

किराए की बिल्डिंग में संचालित विद्यालय की जानकारी संकुल केंद्र प्रभारी नलिन मालवीय से ली गई तो उनका कहना है कि आपके द्वारा जो जानकारी मांगी गई है, हम उसे अवगत करा देंगे। आज ही सभी अशासकीय विद्यालयों को हम नोटिस जारी कर रहे है उनसे जानकारी लेते हैं उसके बाद




आपको जानकारी लेकर अवगत करा देंगे। क्षेत्र में संचालित स्कूलों को लेकर शिक्षा विभाग के डीपीसी रमेश राम उईके से जानकारी ली गई तो इनका कहना है कि बीआर सी के नंबर पर बात कर लीजिए, मैं कोर्ट में आया हूं मेरे को जानकारी नहीं है संकुलवार जानकारी हम नहीं रखते हैं।

#### जानकारी नहीं हमारे पास

यह जानकारी हमारे पास में नहीं है। यह जानकारी आपको मान्यता जो विभाग देता है वहां से प्राप्त होगी। फिर भी मैं संकुल केंद्र से पता कर आपको अवगत कराती हूं।

दीपा कीर, बीईओ सीहोर

# छात्राओं को शिविर लगाकर दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**300 से अधिक छात्राएं हुई शामिल**




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आष्टा द्वारा छात्राओं के लिए चलाया गया आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती व युवा दिवस के अवसर पर मिशन साहसी आयाम के माध्यम से आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की अनेक तकनीकें कार्यक्रम में बतायी गई। कार्यक्रम में 300 से अधिक छात्राओं ने सहभागिता करी और कैसे छोटी-छोटी चीज़े जैसे पेन, हेयर पिन, आईडी कार्ड से अपने स्वयं की रक्षा कैसे करे उसके बारे में प्रशिक्षण प्राप्त किया। छात्राओं को प्रशिक्षण ब्लैक बेल्ट कराटे चैंपियन कोच नंदकिशोर वर्मा ने कराया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रांत सहमंत्री उमा वैष्णव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा की कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थिति रही। इसी बीच अभाविप प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रजत कुमार सोनी, राजगढ़ विभाग छात्रा प्रमुख पलक यादव, अभाविप नगर अध्यक्ष शैलेंद्र राजपूत सर एवं शा. कन्या शाला के प्राचार्य एवं बीआरसी अजब सिंह जी राजपूत सर भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच का संचालन जिला एसएफएस संयोजक दीपक जैन द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में अभाविप सीहोर जिला संगठन मंत्री जनप्रिय तोमर एवं आष्टा के सुमित बागाना, सर्वेश जाटव, अजय पुष्प, हर्ष कुशवाह, रुद्राक्ष कुशवाह, जयंत मेवाड़ा, अनमोल राठौर, आशीष राजपूत, प्रथम वर्मा, लव कुश राजपूत, विनय राजपूत, शिवम राजपूत, सोनू राजपूत, ऋषि मेवाड़ा, ऋतिक पटेल, सुमित शर्मा, सक्षम मालवीय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खेल हो या राजनीति सभी को हमेशा हार को जीत में बदलने के लिए एक आखरी दाव बचा कर रखना चाहिए : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



पहलवानों का ग्राम से अपनी एक अलग ही पहचान रखने वाले ग्राम कोठरी में लम्बे अंतराल के बाद गुरु हनुमान व्यायाम शाला द्वारा राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर की दंगल कुश्ती प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से नामी पहलवानों ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद कोठरी की अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति ने की।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रघुनाथसिंह मालवीय, इछावर विधानसभा के पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल,वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश पटेल, धार्मिक गुरु उत्तम दास महाराज (रामकुटी), पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रुपेश पटेल, खेल एवं युवक कल्याण समन्वयक जितेंद्र आज़ाद, जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष विनय भटेले मंचासीन उपस्तिथ रहे। राष्ट्रीय दंगल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की कोठरी जो कि पहलवानों के साथ अच्छे अच्छे खिलाड़ियों का ग्राम है। कोठरी के जहूर भाई, मोहन पहलवान ने राष्ट्रीय स्तर तक कोठरी का नाम रोशन किया है। कोठरी में एक सुविधायुक्त व्यायामशाला की आवश्यकता है,अध्यक्ष जी भी अभी यही बात कह रहे थे। सभी की मांग एवं भावना के अनुरूप विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कोठरी में एक सर्वसुविधायुक्त व्यायामशाला के निर्माण हेतु 6 लाख रुपये देने की घोषणा की एवं आज आयोजित राष्ट्रीय दंगल कार्यक्रम के लिये 25 हजार की राशि अलग से देने की भी घोषणा की।

विधायक ने कहा की जब यहा के पहलवानों को व्यायामशाला के रूप में अपनी प्रतिभा को उभारने के लिये एक सुविधायुक्त स्थल मिलेगा तब निश्चित यहा से अच्छे पहलवान राष्ट्रीय स्तर तक पहुचेंगे। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने इस अवसर पर एक गुरु मंत्र भी दिया उन्होंने कहा कुश्ती हो या राजनीति या अन्य क्षेत्र सभी को जीवन में भी ओर खेलो में भी सभी दाव एक साथ उपयोग नही करना चाहिये। एक आखरी दाव हमेशा बचा कर रखना चाहिये ताकि आखरी में उस दाव को अजमाकर हारी हुई बाजी को जीत में बदला जा सके । हमारी नप कोठरी किसी से कम नही है हमारा कोठरी ग्राम हर क्षेत्र में आगे है । राष्ट्रीय दंगल का आयोजन महेंद्र दलपति के नेतृत्व में आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन नगर परिषद कोठरी के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि युवराज सिंह चंद्रवंशी ने किया। कुश्ती प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका राजू पहलवान, अजय बिसोरिया व शंभू पहलवान ने निभाई। आयोजित हुई प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51,000 का शाकिर नूर पहलवान (मेरठ, उत्तर प्रदेश) ने मान पहलवान (पंजाब) को पराजित कर विजय जीत दर्ज की। द्वितीय पुरस्कार 31,000 का राजा पिल्लर (कोठरी, मध्य प्रदेश) ने श्याम पहलवान (मथुरा, उत्तर प्रदेश) को हराकर जीत दर्ज की। तृतीय पुरस्कार 21,000 का बलवान पहलवान (दिल्ली) ने नकुल पहलवान (फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश) को पराजित कर जीता। इसी के साथ अन्य कुश्ती जोड़ में कोठरी के निखिल पहलवान, अमन पहलवान, तनिष्क पहलवान, महेंद्र पहलवान, रूपेश पहलवान, गोलू पहलवान, राजेश पहलवान, करण पहलवान एवं सुमित ठाकुर पहलवान ने विजय प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। व्यायाम शाला के उस्ताद अर्जुन प्रजापति, गोविंद सिंह मेचन,सदस्य मिथुन पडियार, राजेश पड़ियार एवं समस्त नगरवासियों का सराहनीय सहयोग रहा। आयोजन समिति एवं विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा भविष्य में भी खेलों को प्रोत्साहन देने एवं अन्य खिलाड़ियों की हर संभव सहायता किए जाने का आश्वासन दिया गया,जिससे क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके ओर जिससे कोठरी क्षेत्र एवं सीहोर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हो सके।

# साध्वी शाश्वतप्रिया म.सा. आदि ठाणा का हुआ मंगल प्रवेश, भक्तिरस में सराबोर हुआ नगर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

राष्ट्रसंत श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वर महाराजा समुदायवर्ती व पुण्यसम्राट गुरुदेव की पोत्री साध्वी श्री शाश्वतप्रिया श्री जी म.सा. आदि ठाणा-4 का 21 जनवरी सुबह रूपेटा गांव से विहार कर बुधवार को नगर के नागदा चौराहा से ढोल-नगाड़ों के साथ मंगल प्रवेश हुआ। मंगल प्रवेश जुलूस में समाजजन गुरुदेव के जयघोष करते हुए श्रद्धा व भक्ति भाव से सहभागी बने।

जुलूस के दौरान स्थान-स्थान पर समाजजनों द्वारा गुरुदेव की गहुली की गई एवं मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया गया। यह भव्य जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए राजेन्द्र सूरी ज्ञान मंदिर पहुँचा, जहाँ धर्मसभा में परिवर्तित हो गया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए पूज्य साध्वी श्री ने कहा कि गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा और पूर्ण समर्पण ही मोक्ष का मार्ग है। उन्होंने भावपूर्ण उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे लोहे की कील जल में डालते ही डूब जाती है, वैसे ही गुरु सान्निध्य के बिना जीवन अस्थिर हो जाता है, जबकि गुरु का सान्निध्य उस नाव के समान है जो संसार रूपी भवसागर से पार लगा देता है। गुरु ही हमें असत्य से सत्य की ओर ले जाते हैं तथा अज्ञानता को दूर कर ज्ञान का प्रकाश प्रदान करते हैं। रतलाम चातुर्मास के संदर्भ में जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय चोरडिया द्वारा नगर में पधारने की विनती की गई, जिसे पूज्य साध्वी श्री ने सहर्ष स्वीकार किया। पूज्य साध्वी श्री की मंगलकारी निश्रा में नगर में अनेक धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज के इस धार्मिक, भक्ति एवं प्रभावना के पुण्य अवसर का लाभ पीयूष कुमार प्रकाशचंद चतर परिवार द्वारा लिया गया। इस अवसर पर सकल जैन श्री संघ, समाज के वरिष्ठ महानुभाव, नवयुवक, तरुण, महिला, बहु एवं बालिका परिषद के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

### सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांसद खेल महोत्सव में किया प्रदर्शन

**जावर।** सांदीपनि विद्यालय जावर के विद्यार्थियों द्वारा सांसद खेल महोत्सव में विधान सभा स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। खेल प्रभारी अकबर सिद्दीकी ने बताया कि विद्यालय से रास्ता रस्साकसी, कबड्डी, वॉलीबॉल तथा दौड़ (100 मीटर) (200 मी) में विद्यालय एवं नगर के युवाओं ने भाग लिया था। जिन्हें आज प्राचार्य नितिन कौशल, अजय कुमार मिश्रा, पवन राठौड़, रामस्वरूप वर्मा, जितेंद्र मालवीय, राजेंद्र बरेठा, बंटी जाटव, सुजाता मालवीय ,राहुल कुमावत, धर्मेंद्र खत्री की उपस्थिति में प्रमाण पत्र मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। नगर के होनहार युवा जयदीपसिंह ठाकुर रनर तथा देवेंद्र सूर्यवंशी कुश्ती को अपने प्रदर्शन पर शील्ड प्रदान की गई।



# नव चेतना सेवा समिति का चुनाव संपन्न, देवसिंह बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नव चेतना सेवा समिति का निर्वाचन मुख्यालय सीहोर में निर्वाचन अधिकारी कृपाल सिंह दुगारिया और सहायक निर्वाचन अधिकारी देवीसिंह गेहलोत, राजेश सिलोदिया के नेतृत्व में समिति का चुनाव शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समिति के स्थाई सदस्यों की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव परिणामों के अनुसार देवसिंह मालवीय को समिति का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वहीं अशोक मालवीय को उपाध्यक्ष, भोलाप्रसाद बामनिया को सचिव, धर्मेंद्र मालवीय को कोषाध्यक्ष तथा डॉ. देवेंद्र मालवीय को सहसचिव चुना गया। निर्वाचन अधिकारी कृपाल सिंह दूंगारिया ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी समिति के उद्देश्यों के अनुरूप समाजसेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा पूर्व कार्यकारिणी द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की गईं, एवम् नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को और बेहतर कार्य करने हेतू प्रोत्साहित किया गया, उपाध्यक्ष अशोक मालवीय द्वारा नवचेतना सेवा के भवन निर्माण पूर्ण करने हेतू और नवीन स्थाई सदृस्य वृध्दि हेतू कार्योजना प्रस्तुत की गईं। उपस्थित सभी सदस्यों ने स्वागत किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के प्रति विश्वास जताया, समिति के निर्वाचन में भोपाल, इंदौर, उज्जैन, शाजापुर, सीहोर, राजगढ़, धार के स्थाई सदृस्य ने भाग लेकर मतदान किया, इसके बाद भवन निर्माण की समीक्षा की गईं। जिसमें कई सामाजिक सदस्यों द्वारा बड चडकर आर्थिक सहयोग किया गया। भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक आर सी सिलोदिया व वरिष्ठ सलाहकार बीएल मालवीय व समाज के वरिष्ठ सदस्यों की विशेष उपस्थिती रही। अंत में पूर्व सचिव केसी बिलोदिया द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### कांग्रेसजनों ने सौंपा जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम ज्ञापन

# बीएलओ किसी के दबाव में नहीं आएं : कलीम पठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देशानुसार कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कलीम पठान ने ज्ञापन का वाचन करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि फार्म 07 वहीं मान्य हों जो निर्वाचन आयोग द्वारा छपवाकर दिये गये हैं, अन्य फार्म स्वीकार नहीं किए जाएं। यदि निर्वाचन आयोग से बाहर के छपे फार्म 07 जमा किए गये हों तो उन्हें निरस्त किया जाए।

एक दिन में अधिकतम 15 फार्म ही स्वीकार किये जाएं। एक दिन में 15 से अधिक फार्म जमा नही किए जाएं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि गलत नाम तो नही जोड़े जा रहे हैं। फार्म 07 की अंतिम तीन दिन की जानकारी हमें दी जाए ताकि किस बूथ पर कितने फार्म जमा हो रहे हैं, हमारे द्वारा इसका अवलोकन किया जा सके।सत्ता धारी दल के लोगो द्वारा सरकारी बीएलओ पर नाम कटवाने का दबाव बनाया जा रहा है जोकि अनुचित है और पूर्णतः नियम विरुद्ध है। इसे तत्काल रोका जाए। सरकारी बीएलओ किसी भी दबाव में ना आए और ना ही गलत नाम जोड़ सके। ऐसा सुनिश्चित किया जाए कि जिले के सभी बीएलओ के जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया जाए ताकि वह किसी भी प्रकार के दवाब में ना आकर निष्पक्ष रूप से एसआईआर में कार्य कर सके। यदि किसी भी बीएलओ द्वारा अनैतिक कार्य करने का प्रयास किया तो उन पर तत्काल कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों में प्रमुख रूप से कलीम पठान, मदन सरपंच पूर्व वीर सिंह दांगी, रवि दांगी, संतोष वर्मा, अरुण वर्मा, धनपाल सागर, नवाब भाई, विजय मीणा वसीम सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

